एल्युमनी समिति
वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2018–19

दिनांक 17.01.2019 को कक्ष क्रमांक 3 मे दोपहर 1.00 बजे महाविद्यालय में एल्युमनी समिति के प्राध्यापकों तथा एल्युमनी छात्रो एवं पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई जिसका उददेश्य भूतपूर्व छात्र छात्राएं महाविद्यालय के समस्याओ से परिचित हो तथा समस्याओं के निराकरण हेतू उनके बहुमूल्य सुझाव लिये जा सके तथा सबके मिले जुले प्रयासो से महाविद्यालय के विकास को गति मिल सके :– बैठक मे एल्युमनी के सदस्यो ने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किये जो कि इस प्रकार है:–

(1) रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम आरंभ की जाये !

(2) अधिक से अधिक भूतपूर्व छात्रों को समिति से जोडने का प्रयास किया जाये ताकि महाविद्यालय की समस्याओ के समाधान तथा विकास मे उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो।

(3) महाविद्यालय मे विद्यार्थियो की बढती हुई संख्या को देखते हुए फर्नीचर की व्यवस्था की जाये।

(4) PGDCA कोर्स मे सीटो की वृद्धि की जाये।

(5) आधुनिक उपकरणो से computer lab की व्यवस्था की जाये।

(6) विज्ञान संकाय मे स्नातकोत्तर की कक्षाएं प्रांरभ की जाये।

बैठक मे सदस्यो की पिछली मिटिंग के सुझावो को पढ़कर सुनाया गया जिसमें से अधिकांश समस्याये महाविद्यालय प्रशासन द्वारा हल कर ली गयी है–जो इस प्रकार है –

(1) रोजगार हेतु महाविद्यालय मे Tata Institute of social scince(Tiss) के द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित है जिसमें महाविद्यालय के पॉच छात्रो को विभिन्न बैको मे रोजगार प्राप्त हुआ।

(2) महाविद्यालय मे अधिक से अधिक एल्युमनी विद्यार्थियो को जोड़ने तथा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय एल्युमनी समिति की सदस्यता जिसका शुल्क मात्र 10 रूपये है प्रदान की जा रही है, तथा समय–समय पर महाविद्यालय को उनका आर्थिक तथा बौद्धिक सहयोग प्राप्त हो रहा है।

(3) बढ़ती छात्रो की संख्या एवं फर्नीचर की कमी की समस्या को देखते हुए प्राचार्य महोदया के निर्देशानुसार महाविद्यालय मे नये फर्नीचर की व्यवस्थाँ की गयी है।

(4) पी.जी.डी.सी.ए. जिसकी सीट पूर्व मे 40 थी अब इसकी संख्या बढाकर 60 कर दी गयी है।

(5) आधुनिकतम उपकरणों से युक्त एक computer lab की व्यवस्था कर ली गयी है

(6) विज्ञान संकाय मे स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने हेतू शासन से पत्राचार जारी है।

इन सब बातों से सदस्यो को अवगत कराया गया।

संयोजक
एलोमनी समिति
शा. पातलेश्वर महा. मस्तूरी

प्राचार्य

पातालेश्वर महाविद्यालय मस्तूरी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
एल्युमनी समिति
वार्षिक बैठक
सत्र : 2018-19